## एक नजर में

### नो पार्किंग में लगे वाहनों पर चालानी कार्यवाही



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश बारवाल एवं स्टाफ द्वारा रमजान त्योहार के चलते आज दिनांक 21/02/2026 को पुलिस बल एवं के साथ त्योहारों के चलते शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सड़क किनारे दुकानों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया । उक्त कार्यवाही जय स्तंभ ,मंडी चौक,सुभाष चौक,गांधी चौक ,फूल चौक कमल चौक,तक अतिक्रमण कार्यवाही की गई ।आमजन एवं व्यापारियों से अपील भी की गई है कि त्योहारों के चलते शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर सामान रख अतिक्रमण न करें।पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें साथी अस्त.व्यस्त एवं नो पार्किंग में लगे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्यवाही में यातायात थाना से सहायक उप. निरीक्षक श्री अजीत जाट,श्री सिकदार देवड़ा, आरक्षक आरक्षक रेनसिंग, राजेश,उपस्थित रहे।

### गोदाम में मिला रसेल वाइपर प्रजाति का सांप



**नेपानगर।** शनिवार सुबह मनोज टॉकिज क्षेत्र स्थित एक गोदाम में रसेल वाइपर प्रजाति का सांप मिला। दरअसल एक नमकीन सामग्री के गोदाम में रसेल वाइपर सांप पुस्टे के कार्टुन के पीछे छिपा हुआ था जिसकी काफी फुंफ्कार की आवाजें आ रही थी। इसकी सूचना गोदाम संचालक ने सातपायरी निवासी सर्प मित्र खेमसिंग राठौर महाराज को दी। वह मौके पर पहुंचे और आधे घंटे की मशक्कत के बाद रसेल वाइपर सांप का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ा।

### सैफी गोल्डन जुबिली कादरिया साइंन्स कॉलेज में 45 वर्षों बाद गोल्डन मीट का भव्य . आयोजन हुआ



**शिक्षा विनम्रता के साथ भावी जीवन मे अवसरों के द्वार खोलती है .प्रो .नागर**

बुरहानपुर। शिक्षा विनम्रता के साथ भावी जीवन मे अवसरों के द्वार खोलती है उक्त विचार प्रोफेसर व्ही बी नागर ने सैफी गोल्डन जुबली कादरीया कॉलेज में गोल्डन मीट के रूप में 45 वर्षों बाद वर्ष 1979.81 बैच के विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज प्रांगण में आयोजित समारोह में कही।इस अवसर पर उपस्थित दाऊदी बोहरा समाज एवं कोलेज प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष आमील शेख हैदर अली ने कहा कि इतने वर्षों बाद सभी दोस्तों का अपने प्रोफेसरों के साथ मिलना और उन्हें सम्मानित करने का यह आयोजन आने वाली छात्र पीढ़ी को प्रेरणा देगा स कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ।. इस बैच के छात्र राजीव खेड़कर ने बताया कि गोल्डन मीट के आयोजन की तैयारी पिछले तीन माह से डॉ.राजेश बजाज के नेतृत्व में स्थानीय दोस्त एडवोकेट शेख मजीद, राजकुमार मेहता, जगदीश बांदील, प्रफुल्ल कापड़िया , सरोज श्रॉफ, पंकज शाह, डॉ.श्रीचंद थावानी, सुदेश जय सिंघानी , साधना चौरे, सुदर्शना जाधव आदि द्वारा की गयी स इस गोल्डन मीट में प्रोण् नागर, प्रो.सलीम, प्रो. एजाज, प्रो.कुसुम परिहार का शाल,पुष्पगुच्छ,स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया स साथ ही कॉलेज प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष आमिल शेख हैदरअली, उपाध्यक्ष शेख यूसुफ , संचालक मंडल के सदस्य अली असगर टाकलीवाला, मंसूर सेवक, डाइरेक्टर डॉण्यूसुफ तालिब, प्रिंसिपल इस्माइल बफाती एकोऑर्डिनेटर शबनम कौसरए कार्यालय के राजेन्द्र सूर्यवंशी ए बोटनी लेब के थारकर जी को भी सम्मानित किया गया। 45 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद अमेरिकाए यूरोप देशों के साथ मुंबई, पुणे, बनारस, नागपुर, भोपाल, इंदौर,सूरत, अहमदाबाद, धुलिया, मालेगाँव, नासिक आदि शहरों से दोस्त अपने अपने जीवनसाथी के साथ आए थे स गरिमामयी आयोजन में छात्रों ने कॉलेज भ्रमण कर अपनी यादें ताजा कर कुछ भावुक तो कुछ प्रसन्न हुएए गोल्डन मीट की स्मृति में वृक्षारोपण भी किया गया स इस अवसर पर प्रो, नागर ,प्रो. सलीम, प्रो. एजाज, प्रो.परिहार मैडम ने अपने प्रेरणादायी आशीर्वचन में संस्मरण के साथ भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सरोज श्रॉफ , राजीव खेड़कर, राजकुमार मेहता ने किया तथा आभार गोल्डन मीट समन्वयक डॉ.राजेश बजाज ने माना।

### आगामी भगोरिया उत्सव को लेकर थाना नेपानगर में शांति एवं व्यवस्था संबंधी बैठक



**नेपानगर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा आगामी भगोरिया उत्सव के शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था साथ ही आयोजन के पहले की जाने वाली तैयारी को लेकर थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था निर्देशों के पालन में आज दिनांक 21/02/2026 को थाना नेपानगर में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी भगोरिया उत्सव 2026 के आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दिनांक 26/02/2026 को अंबाड़ा एवं सिवल तथा दिनांक 01/03/2026 को नेपा मिल ग्राउंड, नेपानगर में भगोरिया उत्सव मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान निम्न व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बिजली व्यवस्था,पेयजल आपूर्ति,साफसफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था,चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार सुविधा,यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था,कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध,भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन स्थितियों से निपटने एवं सुचारु यातायात संचालन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। उपस्थित जनसमुदाय एवं समिति सदस्यों से शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में भगोरिया उत्सव मनाने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की अफवाहए हुड़दंग एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने तथा प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया। नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि,ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, भगोरिया आयोजन समिति के सदस्य,पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि भगोरिया पर्व को पारंपरिकए सांस्कृतिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## बुरहानपुर नगर प्रवेश पर माँ ताप्ती नदी परिक्रमा वासी पदयात्रियों का भव्य स्वागत

**नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ परिक्रमा वासियों का अभिनंदन किया।**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पावन ताप्ती नदी की वार्षिक परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत परिक्रमा वासी श्रद्धालुओं का ब्रघ्नपुर नगर में भव्य एवं श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। प्रात: 10 बजे यात्रा का नगर में प्रवेश हुआ,जहाँ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ परिक्रमा वासियों का अभिनंदन किया। यात्रा बहादरपुर रोड से होते हुए ग्रीन लेन्ड, चाणक्यपुरी, लक्ष्मी नगर एवं सिंधी बस्ती मार्ग से गुजरी। मार्ग में स्थान.स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागतए जलपान एवं सेवा की व्यवस्था की गई।

माँ ताप्ती परिक्रमा सेवा समितिए ब्रघ्नपुर के सदस्य श्री धीरज नावानी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।दोपहर 12 बजे सिंधी बस्ती स्थित पुरुषार्थी विद्यालय के पास माँ ताप्ती की विधिवत आरती का आयोजन संपन्न हुआ। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में सभी ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। तत्पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।यात्रा दोपहर 3 बजे यात्रा पुरुषार्थी विद्यालय से प्रस्थान कर राजघाट पहुँची,जहाँ विधिवत महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव सहित सभी श्रद्धालुओ ने माँ ताप्ती का आरती.पूजन किया। इसके पश्चात परिक्रमावासी श्रद्धालु श्रीरोकड़िया हनुमान मंदिर पहुँचे, जहाँ समिति द्वारा रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई। श्री रोकड़िया हनुमान मंदिर में श्री नरेंद्र वाणी, श्री जोशी,श्री श्रॉफउपस्थित रहे। प्रात:काल यात्रा अगले चरण हेतु नेपानगर के लिए प्रस्थान करेगी।

श्री संजय पाटनकर मुल्ताई ने बताया पौराणिक ग्रंथों के अनुसार माँ ताप्ती सूर्यदेव की पुत्री हैंए इसलिए उन्हें सूर्यतनया के नाम से भी जाना जाता है।मान्यता है कि सूर्यदेव के तेज से उत्पन्न होने के कारण ताप्ती में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा निहित है। स्कंद पुराण सहित विभिन्न पुराणों में ताप्ती नदी का महात्म्य विस्तार से वर्णित है।ताप्ती महात्म्य के अनुसार इस नदी में स्नान,तट पर तप, दान एवं जप करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। स्कंद पुराण में वर्णित ताप्ती महात्म्य के अनुसार श्रद्धापूर्वक माँ ताप्ती के पावन नाम का स्मरण मात्र करने से ही श्रद्धालु को गंगा नदी में स्नान तथा नर्मदा नदी के दर्शन के समान महान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। ताप्ती नदी में स्नान करने से मानसिक संताप दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

ताप्ती परिक्रमा आध्यात्मिक साधना का उत्तम मार्ग है, जिसमें श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा, संयम और नियमों का पालन करते हुए नदी के दोनों तटों की परिक्रमा करते हैं। यह यात्रा त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक मानी जाती है। पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि ताप्ती नदी के तट पर अनेक ऋषि.मुनियों ने तपस्या की थी, जिससे यह भूमि तपोभूमि के रूप में प्रतिष्ठित हुई। इसी कारण ताप्ती को श्पाप.नाशिनीश् और मोक्षदायिनी की संज्ञा दी जाती है।

श्री बलराज नावानी ने बताया ताप्ती जी का उद्गम बैतूल के मुलताई क्षेत्र में सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से लगभग 752 मीटर की ऊँचाई पर स्थित पवित्र कुंड से होता है।ताप्ती मां भारत की पश्चिम वाहिनी नदियों में एक प्रमुख नदी हैए जो पूर्व से पश्चिम की दिशा में प्रवाहित होती है कृ जो कि भारतीय नदियों में अपेक्षाकृत दुर्लभ है। लगभग 724 किमी लंबी यह नदी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से होकर खंभात की खाड़ी,रत्न सागर सूरत क्षेत्र में मिलती है। ताप्ती नदी का प्रवाह क्षेत्र ;बेसिन लगभग 65,000 वर्ग किमी में फैला हुआ हैए जो कृषिए सिंचाई और पेयजल की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी प्रमुख सहायक नदियों में पूरना,गिरना, पांजरा, वाघुर तथा बोरी आदि सम्मिलित हैं। बुरहानपुर,भुसावल और सूरत जैसे महत्वपूर्ण नगर इसके तट पर बसे हुए हैं।ताप्ती घाटी कृषि उत्पाद के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

ऐतिहासिक रूप से भी ताप्ती नदी का महत्व रहा है, क्योंकि इसके तटवर्ती क्षेत्र प्राचीन व्यापारिक मार्गों और सांस्कृतिक आदान.प्रदान के केंद्र रहे हैं। नदी के किनारे स्थित घाट, मंदिर और प्राचीन संरचनाएँ इसकी सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती हैं।

ज्ञात रहे ब्रघ्नपुर ,बुरहानपुर निवासी ओमप्रकाश शर्मा एवं बलराज ना.नावानी 4 वर्ष पूर्व साइकिल द्वारा संपूर्ण ताप्ती नदी परिक्रमा पूर्ण कर चुके हैं। उनकी यह साधना एवं साहस नगर के लिए गौरव का विषय है तथा वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे तपस्वी परिक्रमावासियों की भावना से ही ताप्ती परिक्रमा की परंपरा सशक्त एवं जीवंत बनी हुई है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा, बलराज नावानी, नरहरि दीक्षित, सुदामा नावानी, टेकचंद नावानी, कीमत मतवानी, मनोज फुलवानी, नारायण वासवानी, देवराम महाजन, शिवदास मोहनानी, दयाराम मूलचंदानी, देवीदास रामानी, हरीश चंचलानी, रूपचंद वाधवानी,सतपाल ओटवानी, रवि जगनानी, अभिषेक नावानी, निखिल खंडेलवाल, भारत रोचलानी, योगेश पोहानी, राहुल मलानी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सेवासदन महाविद्यालय बी .सी .ए . के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महा विद्यालय के कम्प्यूटर विभाग के बी.सी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने स्टॉफके साथ जलगॉव स्थित सॉफ्टेनिक सोल्यूषन प्राइवेट लिमिटेड एवं पारले-जी बिस्किट कम्पनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि सॉफ्टेनिक सोल्यूषन प्राइवेट लिमिटेड सॉफ्टवेयर निर्माण में अग्रणी कम्पनी है।कम्पनी के डायरेक्टर श्री प्रसाद नेवे ने विद्यार्थियों को आज के परिपेक्ष्य में वेब डेवलपमेंट तथा ए.आई. के संबंध में जानकारी दी। पारले जी बिस्किट, बिस्किट निर्माण के क्षेत्र में लगभग 100 वर्ष पुरानी एक ख्याति प्राप्त कम्पनी है।यहाँ विद्यार्थियो ने कम्पनी के इतिहास एवं उत्पादन प्रक्रिया को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझा साथ ही फैक्ट्री का भ्रमण कर उत्पादन प्रकिया की जानकारी प्राप्त की। अन्त में जैन कम्पनी द्वारा निर्मित गॉधी तीर्थ रिसर्च फाउण्डेषन का भी भ्रमण किया।

सफलतापूर्वक भ्रमण सम्पन्न होने पर सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलालजी जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील ने बधाई प्रेषित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। शैक्षणिक भ्रमण बी.सी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ. जगन्नाथ महाजन ,डॉ. अनीष पटेल, डॉ. अनिल चौधरी, डॉ. लीना जाधव, प्रो. मयंक ठाकुर एवं हंसराज महाजन के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से हुआ जागरूकता कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म प्रण् राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर के यथानिर्देशान्सार सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय शाहपुर बुरहानपूर व ठाकुर शिवकुमार सिंह महाविद्यालय झिरी बुरहानपुर में किया गया । उक्त शिविर को संबोधित करते हुए प्रेमदीप सांकला ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सामाजिक न्याय दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, नालसा गरीबी उन्मूलन योजना 2015, नालसा एसिड हमलो के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं योजना एवं नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही सालसा की विभिन्न योजनाओं की ।

## विशेष गहन पुनरीक्षण : निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई।बैठक में अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 21 फरवरी, 2026 की स्थिति में जिले में कुल 5,63,582 मतदाता हैं। जानकारी अनुसार 2,77,271 महिला मतदाता, 2,86, 291 पुरुष मतदाता तथा 20 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशो 968.49 है। श्री पाटीदार ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिले में कुल 1,070 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र-179 नेपानगर के 448 तथा विधानसभा क्षेत्र-180 बुरहानपुर के 622 मतदाता शामिल हैं। बैठक में अंतिम प्रकाशन किया जाकर मतदाता सूची की प्रतियां राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गयी।

## कांग्रेस का उग्र विरोध, तीन मंत्रियों के पुतले दहन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज दिनांक 20 फरवरी 2026, समय शाम 4.00 बजे, स्थान गुलमोहर मार्केट, बुरहानपुर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।विरोध प्रदर्शन अत्यंत सफल रहा और बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा एवं आमजन उपस्थित रहे। यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार जी के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी, भारत.अमेरिका ट्रेड डील से जुड़े राष्ट्रीय हितों के मुद्दे, सेना के सम्मान से संबंधित विषयों, भागीरथ पुरा दूषित पानी कांड तथा छिंदवाड़ा कफसिरप प्रकरण सहित विभिन्न जनविरोधी घटनाओं के खिलाफआयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने कहा कि प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं मंत्री विजय शाह की कार्यशैली और बयानबाजी ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाई है।विधानसभा जैसे गरिमामय भवन मे नेता प्रतिपक्ष के खिलाफअमर्यादित भाषा का प्रयोग करना भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस इस प्रकार की राजनीतिक गिरावट को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## किसानो को उनका वाजीब दाम मिलना चाहिए : राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जाधव



**नवभारत न्यूज, ईच्छापुर।** ग्राम. इच्छापूर मे अखील भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जाधव ने ग्राम इच्छापूर का दौरा किया। जाधव सबसे पहले माँ इच्छा.देवी मंदीर पहुंचे ,जहां माता का दर्शन कर पूजा अर्चना की। तपश्चात ग्राम वासीयो की एवं सरपंचों की बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवतराव महाजन के मुख्य आतिथ्य मे एवं ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य भागवतराव चौहान डॉ.रमाकांत पाटिल विषेश रूप से उपस्थित थे।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जाधव ने कहा आज का किसान परेशान है।उसको शासन से जो सुविधा मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही है। विधायक सांसद को मानदेय मिलता है।वह मान देय हमारे गाँव के सरपंच को भी मिलना चाहीए। किसानो को अपने उपज का भाव उचित दाम मिलना चाहीए ,समर्थन मुल्य मिलना चाहीए ,वो नहीं मिल रहा है।इसके लिए किसान भाइयो का लडाई लडनी चाहिए, गांव मे सांसद.विधायक काम नहीं करता ,वह सरपंच करता है।पुरे देश में सरपंचो की आवाज कोई नहीं उठा पा रहा है।हमारे किसानों के बच्चो के लिए ,शिक्षा के लीए खर्च मिलना चाहीये वह नहीं मिल रहा है।सरकार जो भी योजना चलाती है।वह गरीबो के लिए नहीं अमीरो के लिए चलाती है।इस योजना का लाभ केवल अमीर लोग ही ले रहे है।

इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जाधव को पुष्पमाला से स्वागत कर उन्हे माता को फोरो भेट किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रदेश साधिव श्रीमती प्रीती राठौर ,किसान संगठन के संरक्षक शिव कुमार सिंह कुधशवाह, ट्रस्त्र उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ,संजय पवार, अप्पा माली सहित ग्राम के गणमान्य नागरीक एवं किसान मौजुद थे ।

## छत्रपती शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण



**नवभारत न्यूज, इच्छापूर ।** ग्राम इच्छापूर में मुकाई नगर मार्ग पर 396 वी छत्रपती शिवाजी जयंती के अवसर पर विशाल अष्टधातू की छत्रपती शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण सरपंच श्रीमनी नंदा बाई लक्ष्मण पवार द्वारा विधीवत रूप से पुजा अर्चना कर किया गया।यह प्रतिमा 12 फिट की है । छत्रपती शिवाजी मित्र मंडल द्वारा विद्युत रोशनाई ,आतिश बाजी,ढोल ढमाका के साथ शिवाली जयंती मनाई गई। त्रिखुट्टी चौक का नाम अब छत्रपती शिवाजी महाराज के नाम से नवाजा गया । कार्यक्रम में अमोल चोधरी ,अविनाश तायडे ,अतूल कापसे ,दशरथ चौहान ,सुभाष चौहान ,निखील सोनवने ,जय पवार, अमोल तायडे ,गुणवंत चौधरी, मनोज पवार ,मोहन पवार आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** जीवन साथी तलाशने जमा होगे युवक . युवतियां और परिवार ,15 हजार के आसपास कलाल बंधुओ के आने की संभावना

## वैवाहिक परिचय सम्मेलन गरीबी नहीं सामाजिक समरसता का प्रतीक . आनंद प्रकाश चौकसे





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** समय भगवान है समय के सम्मान को ध्येय में रखकर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के समीप मेक्रो विजन एकेडमी के अनहद आनंद ऑडोटोरियम में आयोजित 22 फरवरी को आयोजित कलाल समाज के परिचय सम्मेलन के विषय मे व्हाइट हाउस में आयोजित साधारण सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश जी चौकसे द्वारा की गई। चौकसे जी ने कार्यक्रम को लेकर निर्मित समिति से आव्हान किया कि सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के समिति के पदाधिकारी के साथ युवाओं को सजग रहना होगा। क्योंकि कलाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन केवल विवाह के लिए वर.वधू खोजने का साधन ही नहीं अपितु सामाजिक समरसता . एकता और दहेज मुक्त समाज का प्रतीक बनाकर उभारना है।

जिला सचिव प्रवीण चौकसे का कहना है आयोजित सम्मेलन का मूल उद्देश्य समाज के विभिन्न अंग उप जाति के परिवारों को एक मंच पर लाकर हमे जातीय संकीर्णता को दूर करते हुए आपसी भाईचारा,विश्वास के साथ सुलभ संबंध स्थापित कर एकता . समानता को बढ़ावा देना है।यह तब संभव होगा जब समाज की उपजातिया स्वयं को कलाल के बंधन में बांधकर जय कलाल का नारा बुलंद करे।

वरिष्ठ बंधु राजेश शिवहरे का मानना है, 22 फरवरी को प्रात: 9 बजे से स्वल्पाहार चाय पान के उपरान्त बाहरी शहरों, गावो से आए मेहमानों को उचित सम्मान देकर समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर सिंचित रिश्तों के अमर बेल युवक युवतियों को मंच पर लाने की जवाबदारी युवतियों के लिए महिला टीम को और युवको के लिए युवा टीम को सजग रहकर पूरी करना है। क्योंकि सम्मेलन के प्रचार प्रसार से दूर दराज क्षेत्रों . शहरों से रिश्तों की आस लेकर आए माता ,नाना नानी, मौसा . मौसी वर . वधु अपने लिए रिश्तों की तलाश कर सकेगें।

महिला इकाई जिला अध्यक्ष उर्मिला चौकसे का मानना है परिचय सम्मेलन कि विस्तृत श्रृंखला का सोलहवां अध्याय सोलह सोमवार के उद्यापन का प्रतीक होगा। हमे स्वयंवर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सर्व प्रथम अलग.अलग उपजातियों मे बंटे समाज में सामाजिक भाईचारा को बढ़ाने एक साथ एक मंच पर लाना है।

परिचय कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदीप चौकसे ने कलाल समाज के सम्मेलन को सफल करने के लिए 21 वर्ष आयु को पूरा कर चुके युवक युवतियों से अपील करते हुए कहा कि परिचय सम्मेलन अनावश्यक फिजूलखर्ची पर रोक लगाते हैं मध्यम या कमजोर वर्ग के साथ सम्पन्न परिवारों के लिए एक सुलभ व सीधा मंच अनहद आनंद ऑडोटोरियम में सज रहा हैं। सजे मंच पर युवक युवतियों द्वारा साक्षात्कार देकर आयोजन को गौरवशाली बनाना है।

यशवत चौकसे ने औपचारिक वार्ता में बताया कि पारिवारिक मिलन का माध्यम बन रहे कलाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन केवल वर.वधू को तलाशने का ही नहीं बल्कि दो परिवारों को एक.दूसरे की संस्कृति. विचार को समझने का अवसर देगा जिससे रिश्ते की डोर बांधने में आसानी होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमे एक दिन समाज को देकर कार्यक्रम मे उपस्थित होना है।

राजेश चौकसे ने 22 फरवरी को सजाए गए मंच को लेकर जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश जी चौकसे, प्रवीण चौकसे, राजेश शिवहरे सहित वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त कर परिचय सम्मेलन को समाज जोड़ने, वैचारिक एकता बढ़ाने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम बताकर समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

इस अवसर पर कबीर चौकसे,आस्था राय शिक्षाविद्, यशवंत चौकसे,राजेश चौकसे, राम प्रकाश जायसवाल,धर्मेंद्र चौकसे, योगेश चौकसे,आशीष जायसवाल, रीटा चौकसे, सुधा चौकसे,विनोद चौकसे, नीलेश चौकसे, अरविंद चौकसे, सुरेश चौकसे,सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।